वजीरपुर गर्ल्स कॉलेज में पढ़ाई नहीं, दो महीने से छात्राएं बैरंग लौट रही है

वजीरपुर गर्ल्स कॉलेज को नियमित खुलवाने के लिए ग्रामीणों ने डी.एम. को सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । वजीरपुर तहसील के ग्रामीणों ने वजीरपुर गर्ल्स कॉलेज के बंद होने और सामाजिक सौहार्द खराब करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को कॉलेज शिक्षा आयुक्त और उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कॉलेज के नोडल अधिकारी द्वारा कॉलेज को बंद रखा जाता है। बालिकाएं कॉलेज में पढ़ने आती हैं, लेकिन कॉलेज बंद होने के कारण उन्हें बैरंग लौटना पडता है। यह सिलसिला पिछले 2 महीने से चल रहा है। एक अगस्त को भी नोडल अधिकारी और टीचर दोपहर 2 बजे कॉलेज बंद कर घर चले गए। जब छात्राएं कॉलेज पहुंची तो कॉलेज में असामाजिक तत्व घूमते दिखे। ग्रामीण पिंटू मीणा ने इसकी गंगापुर कॉलेज प्रिंसिपल को शिकायत की, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे नोडल अधिकारी का बचाव किया। अब नोडल अधिकारी लापरवाही को छिपाने के लिए छात्राओं पर दबाव बना रहे हैं और कॉलेज का माहौल खराब कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नोडल अधिकारी मई-जून में तो 6 दिन में एक दिन हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी अफवाह फैलाने के साथ गलतियों पर पर्दा डालने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम करने का प्रयास किया जा रहा है तो नियम विरुद्ध है। कॉलेज में छात्राओं को स्कूटी योजना का लाभ भी नहीं मिला है और न ही यहां पुस्तकालय की सुविधा है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन अभिभावकों को आंदोलन करना पडेगा। इस दौरान वजीरपुर तहसील के पूर्व उप सरपंच अमर सिंह, रामहरी पेटल, भरोशी, लछमन पेटल, रामराज मीना, ऋषि, बत्तीलाल, रोहित टाट, राजेश आदि ग्रामीण मौजूद थे। दूसरी ओर नोडल प्रो. रमेशचंद बैरवा का कहना है कि आरोप सरासर गलत और निराधार हैं और द्वेषतावश लगाए गए हैं। कॉलेज समय पर खुल रहा है। सरकारी काम के लिए ही बाहर जाना पडता है। 25 जुलाई को टीचर लगने के बाद कॉलेज में पढाई जारी है।

अभिभावकों व गांव वालों ने कॉलेज में पढ़ाई कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

नागरिक जन संवाद में मांगे सुझाव : वजीरपुर राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर के नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा ने जानकारी दी है कि महाविद्यालय में आज अभिभावक शिक्षाविद् एवं नागरिक जन के साथ संवाद आयोजित किया जिसमें नियमित कक्षा लगवाने सहित महाविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए सहयोग एवं सुझाव प्राप्त हुए। जन संवाद कार्यक्रम को बहुत पसंद किया गया। प्रोफेसर रमेश बैरवा ने बताया है कि महाविद्यालय में कक्षा नियमित रूप से चल रही है। छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा लेनी चाहिए। 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है जो कि छात्रवृत्ति एवं सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी अत्यंत जरूरी है। छात्राओं को यदि किसी किस्म की समस्या है तो वह नोडल अधिकारी से संपर्क करें। बाहरी तत्वों का कॉलेज में अवांछित प्रवेश एवं हस्तक्षेप निषेध है। दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

सार-समाचार

भवनपुरा के रास्ते खराब

भरतपुर (निस)। ग्राम पंचायत जघीना के गॉव भवनपुरा में पानी के निकास की सही व्यवस्था नहीं होने कारण गॉव भवनपुरा के किसानों को नारकीय जीवन जीना पड रहा है। आकाष लोधा युवा प्रदेषाध्यक्ष राजस्थान ने बताया है कि आये दिन किसान भाईयों का निकलना दुर्लभ हो रहा है। कई बार जिला कलक्टर को ज्ञापन भी दिया है। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान यूनियन प्रदेश स्तर पर एक आंदोलन करेगी।

दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

भरतपुर (निस)। अटलबंद थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 25 जुलाई 2024 को एक व्यक्ति ने गांव खंसवारा थाना कुम्हेर निवासी हेमन्त पुत्र दिनेश चन्द शर्मा उम्र 20 साल जाति ब्राह्मण के विरूद्ध उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का एक मामला थाना अटलबन्द पर दर्ज कराया था। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह मय जाप्ता द्वारा त्वरित कार्यवाही कर दौराने अनुसंधान इस मामले के नामजद आरोपी हेमन्त को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री आज आएंगे सपोटरा

करौली(नि.स.)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार 7 अगस्त को दोपहर 2:10 बजे हैलीपेड, गाडोता से प्रस्थान कर दोपहर 2:50 बजे हैलीपैड, मीन धाम, सपोटरा, जिला करौली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यहां 'हरियालो राजस्थान एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं सभा को संबोधित करेंगे। शर्मा सायं 4:40 बजे यहां से प्रस्थान कर 5.10 बजे जयपुर पहुंचेंगे।

जिला प्रभारी मंत्री आज करेंगे दौरा

करौली (नि.स.)। जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम बुधवार को सपोटरा दौरा करेंगे। दौरे के दौरान बुधवार 7 अगस्त को दोपहर 1:30 बजे मुख्यमंत्री के साथ हरियालो राजस्थान एक पेड मां के नाम कार्यक्रम में मीन धाम, नारेश्वर मन्दिर, सपोटरा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद सांय 6:00बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणा की त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक करेंगे।

महेन्द्र गर्ग बने प्रदेश प्रवक्ता

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने प्रदेशाध्यक्ष गिरीश कुमार गर्ग, प्रदेश महामंत्री सन्मति हरकारा की सहमति से अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गर्ग मेडिकल वालों को सम्मेलन का प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया है। पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गर्ग के प्रदेश प्रवक्ता बनने पर स्थानीय अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

प्रभारी मंत्री भरतपुर में 7 को

भरतपुर (निस)। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत एक दिवसीय दौरे पर 7 अगस्त, बुधवार को भरतपुर आएंगे। जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री जयपुर से चलकर प्रात: 10 बजे राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान हरियालो राजस्थान अभियान में भाग लेकर पौधारोपण करेंगे। प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की प्रगति एवं क्रियान्वती की समीक्षा करेंगे।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंत्री करेंगे पौधारोपण

धौलपुर । मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 2024 हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के संबंध में 7 अगस्त को ग्राम पंचायत बिजौली में राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य विभाग एवं प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की मौजूदगी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रात: 8 बजे से शुरू होगा। हरियाली तीज के अवसर पर जिले में 2 लाख 66 हजार पौधे लगाये जायेंगे।

कार्यक्रम में समस्त जन प्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, पर्यावरण प्रेमियों, महिलाओं व छात्राओं, गणमान्य नागरिकों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही हरियाली तीज के अवसर पर थीम अनुसार सहभागियों को लहरिया जैसे वस्त्र धारण कर कार्यक्रम को सुन्दर बनाने के लिए गरिमामय ढंग से उपस्थित रहेंगे। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ जिला प्रभारी सचिव पी रमेश, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भाग लेंगे। जिला स्तर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 66 हजार, वन विभाग द्वारा 1 लाख एवं शिक्षा विभाग द्वारा 1 लाख पौधों का पौधारोपण किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान में सहभागिता के लिए आमजन हरियालो राजस्थान एप डाउनलोड कर पौधारोपण की फोटो अपलोड कर प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

कॉलेज के सफल संचालन के लिए मांगे सुझाव

वजीरपुर । वजीरपुर राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर के नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा ने जानकारी दी है कि महाविद्यालय में आज अभिभावक शिक्षाविद् एवं नागरिक जन के साथ संवाद आयोजित किया जिसमें नियमित कक्षा लगवाने सहित महाविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए सहयोग एवं सुझाव प्राप्त हुए। जन संवाद कार्यक्रम को बहुत पसंद किया गया। प्रोफेसर रमेश बैरवा ने बताया है कि महाविद्यालय में कक्षा नियमित रूप से चल रही है।

छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा लेनी चाहिए। 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है जो कि छात्रवृत्ति एवं सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी अत्यंत जरूरी है। छात्राओं को यदि किसी किस्म की समस्या है तो वह नोडल अधिकारी से संपर्क करें। बाहरी तत्वों का कॉलेज में अवांछित प्रवेश एवं हस्तक्षेप निषेध है।

ब्यूटी प्रतियोगित में 50 में से 21 प्रतिभागी चयनित

भरतपुर में ब्यूटी प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

भरतपुर (निस)। शहर में पहली बार मिलन गार्डन में स्टेट लेवल का बिगेस्ट ब्यूटी प्रतियोगित हुई । इसमें 50 कंटेस्टेंट के ऑडिशन हुए। जिसमें से 21 कंटेस्टेंट सलेक्ट हुए। इस इवेंट के डायरेक्टर अभिलाषा चौधरी ऑर्गेनाइजर अंकुर पाराशर, मीनाक्षी पाटनी थी। एक्टर अकबर खान मूवी वाणी फेम भी आए। ड्रेस डिजाइनर चारिका अरोडा थी। मेकअप आर्टिस्ट ग्लोरियस, अर्चना मेकओवर, कृपा, ज्योति अरोमा पार्लर थी। इसमें दो राउंड हुए वेस्टर्न राउंड एंड ट्रेडीशनल राउंड, प्रतिभागियों का इंट्रोडक्शन राउंड भी हुआ। जूरी मेंबर्स दिव्या, परम, सोनिया, भूमि, जयश्री और दीपिका थे। चीफ गेस्ट शैलेंद्र सिंह और यश अग्रवाल थे।

झगड़े के मामले में आरोपी को 7 वर्ष का कारावास

धौलपुर। जिले के एडीजे कोर्ट बाड़ी ने खानपुर गांव में वर्ष 2014 के सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर हुए झगड़े के मामले में फैसला सुनाते हुए एक पक्ष के आरोपी को जहां 7 वर्ष के कारावास की सजा दी है। वहीं दूसरे पक्ष के आरोपी को भी दोषी मानते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना करते हुए एक वर्ष के लिए पाबंद किया है।

बाड़ी। एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया कि 14 जुलाई 2014 को उपखंड के खानपुर मीणा गांव में सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमें एक पक्ष के जनक सिंह पुत्र हरफूल मीणा ने बाड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके घर के सामने पड़ी खाली भूमि पर सुरेश पुत्र मोतीराम एवं अन्य परिवारीजनों ने कब्जे के नियत से नींव खोद रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो एक राय होकर लाठी डंडों और फाबड़े से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उक्त हमले में हरफूल के सिर में गंभीर चोट आई। जिसका मुकदमा हरफूल के पुत्र जनक सिंह ने दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष के सुरेश पुत्र मोतीराम ने भी जनक सिंह पक्ष पर झगड़े में मारपीट करने और घायल करने का मुकदमा पुलिस थाने में दर्ज कराया था। दोनों तरफ से दर्ज हुए मुकदमे को लेकर बाड़ी थाना पुलिस ने जांच की।

जिसका मामला एडीजे कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजे कोर्ट के पी पी मनोज सिंह परिहार ने बताया कि उक्त मामले में आज मंगलवार को एडीजे नीरज कुमार ने फैसला सुनाया है। जिसमें हरफूल के दर्ज मामले में धारा 307 में सुरेश पुत्र मोतीराम मीणा को दोषी मानते हुए 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ में दस हजार रुपये का जुर्माना किया है। वहीं सुरेश पुत्र मोतीराम पक्ष द्वारा दर्ज किए गए मामले में हरफूल को दोषी माना है।

नदी से निकाले दो जनो के शव

भरतपुर (निस)। करौली जिले के पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़े जाने के बाद कई वर्षों के बाद यह पानी बयाना क्षेत्र की गंभीर नदी में जब सोमवार को पहुंचा तो उसमें नदी देखने गए चार छात्र बह गए थे। जिनमें से मौके पर मौजूद एक चरवाहे ने दो छात्रों को तो जिंदा बचा लिया था। किंतु दो छात्रों के नदी के बहाव में लापता होने से उनका पता नहीं लग सका। इन दोनों छात्रों की तलाश के लिए रात भर इस नदी में एसडीएम राजीव शर्मा की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम की ओर से रैसकयू ऑपरेशन भी चलाया गया। किंतु उनका कोई पता नहीं लगा। इन दोनों छात्रों के शवों को आज जब नदी के पानी में तैरते हुए देखा तो ग्रामीणों व एस डी आर एफ की टीम ने निकाला।

तीन बंदियों ने ए.डी.जे. से कहा कि उनका केस लड़ने के लिए वकील नहीं है

- ए.डी.जे. ने प्रार्थना पत्र भिजवाने के आदेश दिए

धौलपुर । मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व एडीजे रेखा यादव ने जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी के लिए अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। जहां 3 बंदियों ने अधिवक्ता न होना बताया। जिस पर मौके पर मौजूद कार्यवाहक जेल अधीक्षक, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पीएलवी को उक्त बंदियों की ओर से नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्ति के लिए विधिक सहायता के प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवाने के निर्देश दिये हैं। शेष बंदियों को उनके अधिवक्ता होने का कथन किया गया। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव रेखा यादव के साथ चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कमठान, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

विहिप स्थापना दिवस मनाने का निर्णय

भरतपुर (निस)। विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा शहर की पिछडी बस्तियों में संचालित संस्कारशालाओं की आचार्यों का मासिक दक्षता वर्ग स्थानीय मथुरा प्रसाद पोद्दार आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्कारशाला समिति के अध्यक्ष अमरचंद मित्तल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

विहिप के प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने बताया कि वर्ग में गत माह की समीक्षा की गई जिसमें संस्कारशालाओं में गुरू पूर्णिमा पर्व एवं वृक्षारोपण के कार्यक्रम मनाये गये। माह अगस्त में विहिप की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठपूर्ति वर्ष में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया।

ठगी करने वाला पकड़ा

सूरौठ। थाना पुलिस ने घर में प्रेत बाधा दूर करने का झांसा देकर सोने के आभूषण और नगदी चोरी कर फरार हुए आरोपी को जयपुर से 4 घंटे में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महेश चंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुंशीखान पठान (36) मीना का वास, अलवर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त को रारा शाह पर निवासी रनवीर सिंह डागुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उनके गांव में एक व्यक्ति करीब 3-4 माह से बाइक पर बर्फ बेचने आ रहा है। पीडित ठेला गाडी पर गन्ने का रस बेचता है। जिससे बातचीत शुरू हो गई। मुंशी से फोन पर बातचीत होती रहती थी। मुंशी ने उसे उपरी हवा का जादू टौना से उसकी जिंदगी संवारने की बात कही। 21 जुलाई शाम 6 बजे पीडित उच्चैन के भौंट फतेहपुर स्थित ससुराल गया हुआ था। घर पर पीडित की मां, पत्नी और भतीजा अंकित थे। मुंसी ने जादू टोने वाली बात मेरे घर वालों को बताई और कहा कि आपके घर और प्लॉट में उपरी हवा का साया चल रहा है। जिसका मैं इलाज कर सकता हूं। पत्नी से सारे आभूषण मंगवा लिए। पानी का खाली मटका मंगवा कर उसकी पत्नी को चाय बनाने के भेज दिया। मेरी पत्नी चाय बनाने चली गई तब मुन्शीने सारे जेवरात मटकी में रखकर उस पर कपडा बांध दिया। आभूषण से भरे मटकों को गाडने के लिए प्लॉट पर भेज दिया। आरोपी ने उसकी पत्नी, मां और भतीजे को प्लॉट पर भेजकर संदूक से 90 हजार रुपए निकाल लिए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' की थीम पर स्कूल शिक्षा परिवार निकलेंगे रैली

रैली में सभी छात्र-छात्राएं पौधे लेकर हिस्सा लेंगे

निजी विद्यालय संचालकों ने गंगापुर सिटी में एक पेड मां के नाम रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

गंगापुर सिटी 6 अगस्त। मान्यतर प्राप्त निजी विद्यालयों के राज्य स्तरीय संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के बैनर तले निजी विद्यालयों के बच्चों द्वारा एक पेड मां के नाम की थीम पर रैली का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि 7 अगस्त को प्रात: 8 बजे शहर में संचालित मान्य प्राप्त निजी स्कूलों के बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड मां के नाम थीम के तहत एक विशाल रैली निकाली जाएगी। रैली को जिला कलेक्टर गौरव सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवीलाल मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य राजेंद्री मीणा, जिला महामंत्री महेंद्र जैन, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा मौजूद रहेंगे। जिला प्रवक्ता गोविंद पाराशर ने बताया कि एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम की रैली निजी विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा कलेक्ट्रेट से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी तक निकल जाएगी सभी छात्र व छात्राओं पौधे लेकर रैली में भाग लेंगे।

ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हिण्डौन सिटी । नई मंडी थाना पुलिस की टीम ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने के मामले 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से विभिन्न बैंक शाखाओं के 45 एटीएम कार्ड व तीन मोबाइल भी जब्त किए है।

थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया आरोपी सोनू को जयपुर पुलिस द्वारा एटीएम बदलकर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार था। इस गिरोह का मुखिया मुश्ताक केन्द्रीय कारागृह जयपुर जेल में चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एटीएम कार्ड बदलकर लोगो से ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य रीको एरिया में वारदात के लिए घूम रहे है। जिसके बाद थाना प्रभारी ने जाब्ते के साथ रीको एरिया स्थित रेलवे लाइन के पास दबिश देकर नदबई के कटारा निवासी सोनू पुजारी व सेवर के रामपुरा निवासी वीरेन्द्र राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान सोनू के पास एक मोबाइल, विभिन्न बैंक शाखाओं के 35 एटीएम कार्ड मिले। वहीं दूसरे आरोपी वीरेन्द्र उर्फ खेमी की तलाशी में 2 मोबाइल व 10 एटीएम कार्ड जब्त हुए। जिनमें 3 एटीएम कार्ड बैंक ऑफ बडौदा, 3 एटीएम कार्ड एसबीआई बैंक, 2 एटीएम कार्ड एक्सिस बैंक, 2 एटीएम कार्ड केनरा बैंक के मिले। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि एटीएम बूथों से मौका मिलते ही लोगो से उनका एटीएम कार्ड बदल लेता था।

पौधे लगाने गए बच्चों व शिक्षकों को डरा धमका कर भगाया

बाड़ी । धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के सरमथुरा रोड स्थित कांकरई गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने और पौधारोपण के दौरान स्कूल के बच्चों एवं टीचर्स को धमकाने एवं भगाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद स्कूल प्रशासन के साथ ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच प्रशासन को मामले की जानकारी दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के टीचर्स के साथ बाड़ी एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण रविंद्र, हाकिम, भगवान सिंह, सीताराम, निरंजन, कल्ला, चरण सिंह, दीपक, अंशुल आदि ने बताया कि कांकरई गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को वर्ष 2001 में धौलपुर जिला कलेक्टर द्वारा प्रशासन गांवों के संग अभियान में विद्यालय के खेल मैदान के लिए 5 बीघा भूमि आवंटित की थी। उस भूमि का सीमांकन भी हो चुका है। लेकिन उस भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जो बच्चों को ना तो वहां खेलने देते हैं ना ही किसी प्रकार की गतिविधि होने देते। वर्तमान में राजस्थान सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा हरित राजस्थान अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत प्रत्येक स्कूल को पौधारोपण करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों के आधार पर ही स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चों के साथ उक्त खेल मैदान की भूमि पर पौधारोपण के लिए सोमवार को कार्यक्रम रखा था। जिसमें जब गांव के स्कूली बच्चे और टीचर्स पौधारोपण करने गए तो अतिक्रमण करने वाले आरोपियों ने उनसे झगड़ा किया और उन्हें डरा-धमका कर भगा दिया। बाद में जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने आगई थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत करा दिया। अब ग्रामीणों की मांग है कि उक्त खेल मैदान की भूमि पर चारो तरफ पौधारोपण हो ।

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश सं. 1 गंगापुर सिटी

लक्ष्मीदेवी वगेहरा बनाम हरखासआम वगेहरा

cm no. 10/24

हरखासआम को सूचित किया जाता है कि लक्ष्मीदेवी वगेहरा ने मृतक ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र मुन्शीलाल गुप्ता निवासी वैध कालोनी गंगापुर सिटी की मृत्यु बीमा क्लेम राशि 15,00,000/- अक्षरे पन्द्रह लाख रूपये यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. गंगापुर सिटी के यहां से प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। किसी को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 6-9-2024 को अदालत हाजा में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। इसके उपरान्त लक्ष्मीदेवी वगेहरा को उत्तराधिकारी प्रामण पत्र न्यायालय द्वारा जारी कर दिया जावेगा।

(मुहर) आज्ञा से-रीडर

अपर जिला न्यायाधीश सं. 1

गंगापुर सिटी, जिला-सवाई माधोपुर (राज.)